ओ ठाकुर प्यारे भजन लिरिक्स

ओ ठाकुर प्यारे,
ओ सुनले सांसो की तड़पन,
निशदिन तुझे पुकारे मन,
ओ तेरे चरणों में जीवन,
ओ ठाकुर प्यारें।bd।

तर्ज – ओ बाबुल प्यारे।

मैं थी अभागन बनी बड़भागन,
दर पे आ के तेरे,
सबने रुलाया तुमने ही बाबा,
पोंछे आंसू मेरे,
ये तेरी लाडो करे अरदास,
मांगे जनम जनम का साथ,
अब तो थाम ले तू आके हाथ,
ओ ठाकुर प्यारें।bd।

मैं तेरी लाड़ली बिटिया हूँ बाबा,
आके मेरे लाड़ लड़ाओ,
रोज बाबुल के घर में आती,
कभी घर मेरे भी आओ,
ये है बिटिया का अधिकार,
आके मिल जाओ इक बार,
मेरे सांवरिया सरकार,
ओ ठाकुर प्यारें।bd।

जनक ने जैसे प्यार दिया है,
अपनी ही जानकी को,
तुम भी वैसे अपना बनाओ,
अपनी 'कपिल लाड़ली' को,
मैं तो डूबी आहों में,
बेटी भटके राहों में,
Bhajan Diary Lyrics,
अब तो दे दे अपना साथ,
ओ ठाकुर प्यारें।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

ओ ठाकुर प्यारे,
ओ सुनले सांसो की तड़पन,
निशदिन तुझे पुकारे मन,
ओ तेरे चरणों में जीवन,
ओ ठाकुर प्यारें।bd।

Singer – Kapil Ladli

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com